# कुलसचिव कार्यालय

## लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ–226007

Web. : www.lkouniv.ac.in, E-mail : registrar@lkouniv.ac.in, Phon/Fax : 0522-2740412

संदर्भ संख्या :............................/सम्बद्धता/2020

दिनांक :.........................................

ई–मेल/अत्यावश्यक

<u>सामान्य–पत्र</u>

प्रबन्धक/प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सहयुक्त महाविद्यालय,
<u>लखनऊ।</u>

महोदय,

सूच्य है कि यू0जी0सी0 एवं उ0प्र0 शासन के निर्देशानुसार सहयुक्त महाविद्यालयों का नैक (राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद) द्वारा गुणवत्ता मूल्यांकन कार्य कराये जाने हेतु विश्वविद्यालय से बार–बार सहयुक्त महाविद्यालयों को पत्र प्रेषित किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या : 565/रा0उ0शि0प0/37/18, दिनांक 19.03.2019 के कम में विश्वविद्यालय के पत्र संख्या : एएफ–6204/सम्ब.अनु./2019, दिनांक 30.03.2019 द्वारा भी मूल्यांकन हेतु कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये थे।

अतः शासन के निर्देशानुसार पुनः अनुरोध है कि नैक मूल्यांकन की प्रकिया प्रारम्भ कर महाविद्यालय का नैक मूल्यांकन कराने का कष्ट करें।

2. जिन सहयुक्त महाविद्यालयों के पूर्व में किये गये नैक मूल्यांकन की अवधि (वैधता तिथि) समाप्त हो चुकी है, वे भी पुनः नैक मूल्यांकन हेतु कार्यवाही प्रारम्भ कर मूल्यांकन कराने का कष्ट करें। साथ ही साथ समस्त सहयुक्त महाविद्यालयों से यह भी अपेक्षा की जाती है कि प्रगति आख्या से एक सप्ताह के अन्दर विश्वविद्यालय को अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय

(डॉ0 विनोद कुमार सिंह)
कुलसचिव

संख्या : AF/6234-36 दिनांक : 05/03/2020

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
2. प्रो0 राजीव मनोहर, समन्वयक, आई0क्यू0ए0सी0, ल0वि0वि0।
3. इंचार्ज, वेबसाईट/कम्प्यूटर केन्द्र को इस आशय से प्रेषित कि विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने एवं समस्त सहयुक्त महाविद्यालयों को ई–मेल से प्रेषित करने का कष्ट करें।
4. गार्ड फाईल।

(वी0पी0 कौशल)
उप कुलसचिव (सम्ब.)